कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 07.10.2024

विषय:- **थाना सिगरा पुलिस द्वारा लूट के दो अभियुक्तों को लूट के रूपया व घटना में प्रयुक्त आटो वाहन के साथ गिरफ्तार किया।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व प्रभारी निरीक्षक सिगरा के नेतृत्व में थाना सिगरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 304/2024 धारा 309(4)बीएनएस व बढोत्तरी धारा 317(2) बीएनएस थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित दो अभियुक्तगण 1. बृजभान पुत्र रामदुलार निवासी हाजीपुर थाना अदालाहट जिला मिर्जापुर उम्र करीब 20 वर्ष, 2. बबीकांन्त पुत्र बिहारी लाल निवासी रामपुर पो0 अग्रसन थाना अदलाहट जिला मिर्जापुर उम्र करीब 24 वर्ष को माल गोदाम रोड से दिनांक 07/10/2024 को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना सिगरा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरणः-

दिनांक 07/10/2024 को आवेदक हाजी मो0 इकराम पुत्र स्व0 निजामुद्दीन पता कोटावां, थाना लोहता, जनपद वाराणसी द्वारा थाना सिगरा पर प्रार्थना दिया गया कि दिनांक 03-10-2024 को कैण्ट रेलवे स्टेशन से सुबह 9 बजे ऑटो से कैण्ट से बेनिया के लिए बुक किया। ऑटो वाले एवं उसके साथी ने मलदहिया चौराहे पर उसे पकड़कर उसके जेब से 10 से 12 हजार छीन लिए और आवेदक को धक्का देकर गिरा दिया। गिरने के बाद आवेदक द्वारा ऑटो नं0 UP65LT6435 का पीछा किया गया परंतु वे लोग पकड़े नहीं गये और मौके से भाग गये। जिसके सम्बन्ध में थाना सिगरा पर मुकदमा दर्ज कराया है।

विवरण पूछतांछ/अपराध करने का तरीकाः-

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण बृजभान व बबीकान्त पूछने पर दोनों अभियुक्त सामूहिक व अलग–अलग बता रहे हैं कि हम लोग अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेषकर बाहर से आये हुए बुजुर्ग व्यक्तियों को अपने आटो पर बैठा लेते हैं और सूनसान जगह पर ले जाकर उनके पास मौजूद धन उनसे छीन लेते हैं और मौके पर उनको छोड़कर वहाँ से फरार हो जाते हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता व उम्र-

1. बृजभान पुत्र रामदुलार निवासी हाजीपुर थाना अदालाहट जिला मिर्जापुर उम्र करीब 20 वर्ष।
2. बबीकांन्त पुत्र बिहारी लाल निवासी रामपुर पो0 अग्रसन थाना अदलाहट जिला मिर्जापुर उम्र करीब 24 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- स्थान- माल गोदाम रोड से दिनांक 07/10/2024 को।

<u>बरामदगी का विवरण-</u>

1. 8,000/- रू0 नगद **(लूट का धन)** ।
2. एक अदद आटो वाहन सं0 UP 65 LT 6435 घटना में प्रयुक्त ।

<u>गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. श्री मनोज कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी ।
2. व0उ0नि0 श्री विवेक कुमार त्रिपाठी थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. उ0नि0 रवि कान्त मलिक चौकी प्रभारी रोडवेज थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी ।
4. का0 अनिल कुमार पटेल फैण्टम 27 थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी ।
5. का0 अविनाश कुमार फैण्टम 27 थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी ।
6. का0 मृत्युन्जय सिंह थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी ।
7. का0 चिन्ताहरण तिवारी थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी ।
8. का0 नीरज मौर्या थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी ।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन,
कमिश्नरेट वाराणसी ।